Seventeenth Loksabha

an>

Title: **Need to construct overbridge on railway crossing in Kashipur,Nainital-Udham singh nagar parliamentary constituency.***h

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया है।

मान्यवर, उत्तराखण्ड राज्य का काशीपुर नगर अपने आप में इतिहास को समेटे हुए हैं। यहां द्रोण सागर है। द्रोणाचार्य जी की तपस्थली है। द्रोणाचार्य जी का किला है। वहां पर कौरव-पाण्डवों को शिक्षा दी गई थी, ऐसा कहा जाता है। तुलसीदास जी ने यहां पर पौधा लगाया था। चन्द राजाओं की राजधानी है।

महोदय, यहां पर माननीय रेल मंत्री जी ने तीन साल पहले दो सड़कों के ऊपर ओवरब्रिजेज स्वीकृत किया था । उस पर काम भी प्रारंभ हुआ, लेकिन बड़े कष्ट की बात है कि काम प्रारंभ होने के बाद वह बंद हो गया और वहां से ठेकेदार भाग गए, ऐसा बताया जाता है। कोई भी अकाउंटैब्लिटी नहीं है। कोई भी अधिकारी इसका उत्तर देने को तैयार नहीं है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि इन दो ओवरब्रिजेज को तुरन्त बनाने की कृपा की जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री रवि किशन एवं

श्री कुलदीप राय शर्मा को एडवोकेट अजय भट्ट के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।